नीटी, मुंबई - 400 087

सं. रा.भा.का.स./2022-23
दि. 02.12.2022

# परिपत्र

**राजभाषा कार्यान्वयन समिति** की बैठक **शुक्रवार, दि. 09 दिसंबर, 2022 को अपराह्न 3.00 बजे** निदेशक सम्मेलन कक्ष (प्रशासनिक भवन) में होगी। अतः सभी सदस्यों से अनुरोध है कि वे इस बैठक में उपस्थित रहें ।

**कुलसचिव**

**संलग्न** - बैठक की कार्यसूची

**वितरण** -

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रो. मनोज कुमार तिवारी, निदेशक | - | अध्यक्ष |
| 2. प्रो. विवेक आनंद खानापुरी, संकायाध्यक्ष (स्रिक) | - | सदस्य |
| 3. प्रो. रऊफ इक़बाल, संकायाध्यक्ष (छात्र कार्य) | - | सदस्य |
| 4. प्रो. शंकर मूर्ति, संकायाध्यक्ष (शैक्षिक) | - | सदस्य |
| 5. प्रो. बी.ई. नारखेडे, प्रो. प्रभारी(संपदा) | - | सदस्य |
| 6. प्रो. निखिल मेहता, संयुक्त प्राध्यापक | - | सदस्य |
| 7. डॉ. बसवराज स्वामी, कुलसचिव | - | सदस्य |
| 8. डॉ. उत्पल देबनाथ, परीक्षा नियंत्रक | - | सदस्य |
| 9. पुस्तकालय व सूचना अधिकारी, प्रभारी | - | सदस्य |
| 10. श्रीमती संगीता जाधव, प्रभारी, उप कुलसचिव (भंडार) | - | सदस्य |
| 11. ले.क.(श्रीमती) निशा सिंह, उप कुलसचिव(प्रशा.) | - | सदस्य |
| 12. सहायक कुलसचिव (शैक्षिक), प्रभारी | - | सदस्य |
| 13. श्री प्रशांत सालुंखे, सहायक कुलसचिव (वित्त व लेखा) | - | सदस्य |
| 14. डॉ. स्मृति पटेल, चिकित्सा अधिकारी | - | सदस्य |
| 15. डॉ. प्रतिमा दाभोलकर, प्रबंधक (सिस्टम एवं सॉफ्टवेअर) | - | सदस्य |
| 16. मो. आफताब आलम, हिंदी अधिकारी | - | सदस्य-सचिव |

NITIE, MUMBAI - 400 087

No. OLIC/2022-23

Date - 02.12.2022

# CIRCULAR

The meeting of the Official Language Implementation Committee (OLIC) will be held on **Friday, 09th December 2022 at 3.00 PM** in the Director's Conference Room (Admn. Building) of the Institute. All members of the OLIC are requested to attend the meeting.

**REGISTRAR**

**Encl:** Agenda of the meeting

**Distribution:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Prof. Manoj Kumar Tiwari, Director | - | Chairman |
| 2. | Prof. VB Khanapuri, Dean (SRIC) | - | Member |
| 3. | Prof. Rauf Iqbal, Dean (Student Affairs) | - | Member |
| 4. | Prof. Shankar Murthy, Dean (Acad) | - | Member |
| 5. | Prof. BE Narkhede, PIC(Estate) | - | Member |
| 6. | Prof. Nikhil Mehta, Assoc. Professor | - | Member |
| 7. | Dr. Basavaraj Swamy, Registrar | - | Member |
| 8. | Dr. Utpal Debnath, COE | - | Member |
| 9. | Library & Information Officer, I/c | - | Member |
| 10. | Mrs. Sangita Jadhav, DR I/c (Store) | - | Member |
| 11. | Lt. Cdr (Mrs.) Nisha Singh, DR (Admn) | - | Member |
| 12. | AR (Acad), I/c | - | Member |
| 13. | Shri Prashant Salunkhe, AR (F & A) | - | Member |
| 14. | Dr. Smruti Patel, Medical Officer | - | Member |
| 15. | Dr. Pratima Dabholkar, Manager (S&S) | - | Member |
| 16. | Md. Aftab Alam, Hindi Officer | - | Member-Secretary |

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक (09.12.2022) की कार्यसूची

## 1. दिनांक 07.09.2022 को संपन्न हुई बैठक के कार्यवृत्तों की पुष्टि.

## 2. पिछली बैठकों के निर्णयों पर हुई कार्रवाई -

### (i) हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम एवं पुरस्कार समारोह के आयोजन पर चर्चा

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय तथा शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार, संस्थान में दि. 14 सितंबर से 29 सितंबर, 2022 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया. इसके तहत विविध प्रतियोगिताओं जैसे-निबंध लेखन, प्रश्नोत्तरी, टिप्पण लेखन (अधिकारियों हेतु), श्रुत लेखन, सुंदर हस्तलेखन, स्वरचित कविता पठन, हिंदी आशुलिपि, हिंदी टंकण, स्मरण शक्ति, चित्रकथा लेखन, वर्ग पहेली, आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. संस्थान के अधिकारियों, कर्मचारियों व विद्यार्थियों ने इसमें सक्रिय रूप से सहभागिता की.

दिनांक 16 नवंबर 2022 को आयोजित हिंदी पखवाड़ा पुरस्कार समारोह में मुख्य अतिथि एवं निदेशक के हाथों विजेताओं को पुरस्कृत किया गया.

### (ii) अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में सहभागिता पर चर्चा

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग, भारत सरकार द्वारा दि. 14 -15 सितंबर 2022 को सूरत में दो दिवसीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया था. इसमें संस्थान की ओर से प्रो. शिरीष सांगले, संकायाध्यक्ष (संकाय मामले) तथा मो. आफताब आलम, हिंदी अधिकारी ने सहभागिता की.

### (iii) नीटी को आशीर्वाद राजभाषा पुरस्कार

केंद्र सरकार के कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के श्रेष्ठ कार्यान्वयन के लिए आशीर्वाद संस्था की ओर से संस्थान को उत्कृष्ट केंद्रीय कार्यालय का प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया. दि. 20 सितंबर, 2022 को राजभवन, मुंबई में आयोजित एक भव्य समारोह में महाराष्ट्र के राज्यपाल श्री भगतसिंह कोश्यारी के हाथों यह पुरस्कार निदेशक महोदय ने ग्रहण किया. समारोह में हिंदी अधिकारी मौजूद थे. आशीर्वाद संस्था राजभाषा के क्षेत्र में पिछले 30 वर्षों से सक्रिय है. समिति अध्यक्ष ने इसे नीटी की बड़ी उपलब्धि बताया और संस्थान के सभी कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी.

**(iv) हास्य कवि सम्मेलन के आयोजन पर चर्चा**

पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, संस्थान में दि. 16 सितंबर 2022 को अपराह्न 3.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री सुनील पाल, हास्य कवि एवं स्टैंड अप कॉमेडियन ने अपनी हास्य रचनाओं से विद्यार्थियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों को मंत्र-मुग्ध कर दिया. श्रोताओं ने सम्मेलन में उपस्थित कविगण श्री सुरेश मिश्र, सुश्री राना तबस्सुम, श्री बसंत आर्य तथा श्री प्रशांत वैद्य की कविताओं का भी खूब आनंद लिया.

**3. नई मदें :**

**(i) गत तिमाही (जुलाई-सितंबर, 2022) हिंदी प्रगति रिपोर्ट पर तुलनात्मक चर्चा.**

संस्थान में जुलाई-सितंबर, 2022 के दौरान राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) का शत-प्रतिशत अनुपालन हुआ है. इस तिमाही में संस्थान का हिंदी पत्राचार 100% है. प्रशासन, सीपीएससी, स्विक, हिंदी कक्ष, पुस्तकालय एवं दवाखाना अनुभाग का हिंदी पत्राचार 100% है. निदेशक कार्यालय का हिंदी पत्राचार 0% है. कुलसचिव कार्यालय, बोर्ड सचिवालय, संपदा अनुभाग, शैक्षिक, लेखा एवं सुरक्षा परिवहन से कोई पत्राचार नहीं हुआ है.

**(ii) गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2022-2023 में निर्धारित लक्ष्यों पर बिंदुवार चर्चा.**

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग ने वर्ष 2022-23 के लिए वार्षिक कार्यक्रम जारी किया है और सभी संस्थानों/कार्यालयों/विभागों में इसके अनुपालन का निदेश दिया है. तदनुसार, संस्थान ने वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित अधिकांश लक्ष्यों को पूरा कर लिया है. इनमें हिंदी पत्राचार, हिंदी टिप्पण, हिंदी प्रशिक्षण, हिंदी पुस्तकों की खरीद, कंप्यूटर, वेबसाइट, नागरिक चार्टर/जन-सूचना बोर्ड, राजभाषा निरीक्षण, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकों, कोड, मैन्युअल, फॉर्म का हिंदी अनुवाद, आदि शामिल हैं.

**4. अध्यक्ष की अनुमति से कोई अन्य मद**